JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024 / 03 / 400–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 23.03.2024

धुलण्डी के दिन 25.03.2024 को मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएँ आंशिक बन्द रहेगी।

जयपुर 23 मार्च। जयपुर मेट्रो राष्ट्रीय पर्वों, त्यौहारो एवं उत्सवो के दिनो में भी जनता के प्रति अपना सामाजिक सरोकार पूरी तरह निभाता रहा है। इसी कड़ी में आगामी 25 मार्च धुलण्डी के दिन निर्धारित टाईम टेबल सुबह 5:20 बजे से 02:00 बजे तक मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएँ बन्द रहेगी। इसके पश्चात दोपहर 02:10 से रात्रि 10:21 तक अनवरत मेट्रो सेवाएँ संचालित की जायेगी।

जयपुर के नागरिको से अपील की जाती है कि धुलण्डी के दिन वे अपने मित्रो एवं रिश्तेदारो के संग मेट्रो में यात्रा का आनन्द लें, लेकिन मेट्रो परिसर, प्लेटफार्मो एवं मेट्रो ट्रेनों में रंग डालने, रंग खेलने एवं हुडदंग करने की पूरी तरह मनाही है। मेट्रो यात्रियों के लिए गुलाल, रंग एवं पानी से भरी पिचकारियां–गुब्बारे एवं बोतले ले जाने पर रोक रहेगी। इसके अलावा रंग से सने कपड़ो से मेट्रो परिसर एवं ट्रेनों को गंदा करने की भी मनाही है। नशाधीन स्थिति में मेट्रो परिसर में प्रवेश वर्जित है।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री पी. रमेश ने मेट्रो प्रशासन की और से जयपुरवासियो तथा मेट्रो यात्रियों को होली की शुभकामनाएँ दी और बताया कि मेट्रो यात्री 25 मार्च (धुलण्डी) को मेट्रो संचालन सेवा मे किये गये आंशिक बदलाव को देखते हुए यातायात की असुविधा से बचें।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो